आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न होने के बाद छठे और सातवें चरण के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और प्रमुख नेताओं ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। बड़ी संख्या में रोजाना जनसभाए, रोड–शो, रैलियां और नुक्कड सभाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस्ती, संतकबीरनगर, और डुमरियागंज लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के पक्ष में बस्ती जिले के पॉलिटेक्निक परिसर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने हमेशा उनकी बातों पर, काम पर और वादे, इरादों पर भरोसा किया है। वह भी उनके भरोसे पर खरा उतरने कोई कसर नही छोड़ेगे। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में नवासी सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। चार जून को परिणाम के साथ ही जनता उन्हें नींद से जगाने वाली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विकसित भारत बनाने के लिए वे भाजपा को वोट दें। श्री मोदी ने कहा कि विरासत व विकास के मंत्र से भारत आगे बढ़ रहा है और आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ गया है। भारत जब बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह ट्रेलर है, आगे बड़े–बड़े काम करने हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता भी अब इंडी गठबंधन से कह रही है कि–चाहे जितना जोर लगा लो, जितेगे तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि पांच चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं और अब देश के लोगों को चार जून के परिणाम के बारे मे कोई संदेह नही रह गया है। फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार कि बात सुनते ही कांग्रेस और सपा के इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है। ये दोनो दल मिल कर भी चार सौ सीटों पर चुनाव नही लड़ पा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर में भी एक जनसभा को संबोधित करते हुए जौनपुर लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन हतास और निराश है समाजवादी पार्टी की रैलियों में रोज भगदड़, मारपीट और अराजकता दिख रही है। उधर भाजपा के वरिष्ठ नेता व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव ने महराजगंज में लोकसभा प्रत्याशी व केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के पक्ष में जनसभा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश की सीमाए असुरक्षित थी घोटालों के चलते पूरा देश अस्त–व्यस्त था। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश सशक्त हुआ है।

****

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये कल शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। चौबीस मई को पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना होगीं और पच्चीस मई को मतदान होगा। छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीट के अलावा बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिये मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव के पांच चरण के मतदान संपन्न हो जाने के बाद अब छठे और सातवे चरण के मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को तेज कर दिया गया है। अंतिम दो चरणों के मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों में मतदान को प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा विविध अयोजन किये जा रहे हैं। इसीक्रम में वाराणसी में सामाजिक संस्थाओं की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान का संकल्प दिलाया गया। वहीं गोरखपुर में भी सामाजिक संगठनों ने रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। यहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करूणेश की पहल पर डिजटली माध्यम से मतदाताओं को आमंत्रण पत्र भी भेजा जा रहा है।

****

परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ और रोबोटिक्स लैब बनाई जाएगी। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में इसी सत्र से एआइ व कोडिंग को शामिल किया गया है। विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक के बारे में जानकारी देने के लिए यह पहल की जा रही है। पहले चरण में करीब दो हजार स्कूलों में एआइ व रॉबोटिक्स लैब स्थापित करने की तैयारी है। विद्यार्थियों को लैब में रोबोट किस तरह कार्य करता है और एआइ का प्रयोग किन– किन क्षेत्रों में किया जा रहा है इसकी जानकारी लैब में दी जाएगी।

****

बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आज राजकीय बौद्ध संग्राहलय कुशीनगर में भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। प्रदर्शनी में भगवान बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी दस जून तक चलेगी। उधर शाम को बौद्ध भिक्षुओं ने विशेष पूजा की। रात को धम्मदेशना का कार्यक्रम होगा। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कल कुशीनगर में कई कार्यक्रम भी आयोजित होगें। प्रभात फेरी और रथ यात्रा से बुद्ध जयंती समारोह का शुभारंभ होगा। इसी कडी में म्यामार बौद्ध मंदिर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

****